

हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### मध्य प्रदेश के एक यात्री की हृदय गति रुकने से मौत

**संवाददाता** देहरादून। चारधाम में हृदयाघात से मरने वाले यात्रियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को ही केदारनाथ में हृदयाघात से चार तीर्थयात्रियों की भी मौत हुई है। केदारनाथ धाम में हृदयाघात से दम तोड़ने वाले श्रद्धालुओं की कुल संख्या अब 34 हो गई है। मंगलवार को यमुनोत्री धाम दर्शनों के लिए जा रहे मध्य प्रदेश के एक यात्री की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। मृतक की पहचान विनायक गुलाब राव मांडवे पुत्र गुलाब राव मांडवे निवासी मौलाना आजाद रोड सिंधवा वाडववीर मध्य प्रदेश के रूप में हुई है। गौरतलब है कि कपाट खुलने के बाद से अब तक यमुनोत्री धाम में 20 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है।

### केरल में राष्ट्रीय महिला विधायक सम्मेलन में प्रतिभाग करेंगी विधानसभा अध्यक्ष

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण 26 मई से केरल की विधानसभा तिरुवनंतपुरम में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय महिला विधायक सम्मेलन–2022 में प्रतिभाग करेंगीद्य इस कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकारों में महिला मंत्रियों के अलावा, विधानसभा की महिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, विधायक और सांसद शामिल होंगी। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी संविधान एवं महिलाओं के अधिकार विषय पर अपने विचार साझा करेंगी।

### कांग्रेस प्रत्याशी की होगी भारी बहुमत से जीत

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राजीव महर्षि ने चम्पावत उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी निर्मला गहतोडी की भारी बहुमत से विजय का दावा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने न तो अपने पिछले पांच साल के कार्यकाल में विधानसभा क्षेत्र के लिए कुछ किया और न ही अब करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी सरकारी तंत्र का उपयोग कर उपचुनाव में मात्र कोरी घोषणायें कर जनता को बरगलाने का काम कर रहे हैं।

### एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने की नई छात्रवृत्ति की शुरूआत

**संवाददाता** देहरादून। एचडीएफसी बैंक और गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन ने आज संयुक्त रूप से महिला एथलीटों और कोचों के लिए दो चरणों में छात्रवृत्ति कार्यक्रम "अनस्टॉपेबल–करके दिखाउंगी" का शुभारंभ किया। सभी सामाजिक पहलों के लिए एचडीएफसी बैंक के अम्ब्रेला ब्रांड और सीएसआर पहल परिवर्तन के तत्वावधान में यह कार्यक्रम देश भर से प्रतिभाशाली महिला एथलीटों की पहचान करेगा और खेलों में उत्कृष्टता की उनकी खोज का समर्थन करेगा।

# परिवहन मंत्री ने किया एकीकृत सड़क दुर्घटना डाटाबेस का शुभारम्भ

**बैठक**

■ परिवहन मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित हुई राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक



**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश के परिवहन मंत्री चंदन राम दास की अध्यक्षता में मंगलवार को देवेन्द्र शास्त्री भवन, सचिवालय में राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में सड़क दुर्घटना एवं मृत्यु दर को कम करने के लिये आई–रैड (एकीकृत सड़क दुर्घटना डाटाबेस) परियोजना का शुभारंभ भी किया। परिवहन मंत्री श्री चंदन राम दास ने बताया कि इससे दुर्घटना के कारणों की सही जानकारी होने से संबंधित विभागों के अधिकारी आवश्यक सुधारात्मक उपाय कर सकेंगे। दुर्घटनाओं के सही कारण मालूम होने से आवश्यक सुधारात्मक उपाय किये जाने से दुर्घटनाओं में कमी आयेगी।

आई–रैड परियोजना सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा तैयार की गयी एक परियोजना है, जिसे परिवहन विभाग के डाटाबेस "वाहन" एवं "सारथी" से इन्टीग्रेटिड किया गया हैं। उक्त पोर्टल में अन्तर्विभागीय वर्कफ्लो की व्यवस्था की गयी है। परियोजना में मुख्य रूप से 04 स्टेक होल्डर पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग हैं।

इस अवसर पर उन्होंने 'सड़क सुरक्षा एक पहल' पुस्तक का विमोचन भी किया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित जानकारियों का व्यापक प्रचार–प्रसार भी किया जाय। शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं व अध्यापकों को भी इसमें सहयोगी बनाया जाय। स्कूली विद्यार्थियों को उनके पाठ्यक्रम में सड़क सुरक्षा सम्बन्धित जानकारी क्रमबद्ध तथा समेकित रूप से जोर दिये जाने के साथ ही समय समय पर अर्जित ज्ञान का मूल्यांकन किया जाना भी उन्होंने जरूरी बताया।

परिवहन मंत्री चंदन राम दास ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में राज्य में घटित सड़क दुर्घटनाओं, दुर्घटना के मुख्य कारण तथा पूर्व में परिषद की बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की स्थित की समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं लोक निर्माण विभाग, लोक निर्माण विभाग एन.एच, एन.एच. आई, एन.एच.आई.डी.सी.एल. एवं बी.आर.ओ. द्वारा सड़क निर्माण से संबंधित आधारभूत सुविधाओं तथा रोड मार्किंग के कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं से आधारभूत सुविधाओं, रोड मार्किंग, रोड़ साईनेज, ब्लैक स्पॉट से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर अवशेष कार्यों को समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थलों का जनपद वार समीक्षा कर संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को जल्द शेष सभी चिन्हित स्थलों में सुधार करने के निर्देश दिये। उन्होंने पैदल यात्रियों की सुरक्षा हेतु भी उचित निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि जनपदों के विभिन्न मार्गों पर ऐसे मार्ग चिन्हित किये जायं जहां तीव्र गति से दुर्घटनाएं हो रही है, उन्होंने उक्त सभी स्थलों पर स्पीड डिटेक्शन कैमरे लगाने, अत्याधुनिक तकनीकी के प्रयोग को बढ़ावा देने के निर्देश भी दिये। उन्होंने राज्य में उपलब्ध समस्त निजी एवं सरकारी एम्बुलेन्स वाहनों को 108 से जोड़ने तथा जनपद में सर्वाधिक दुर्घटना वाले स्थलों पर एम्बुलेन्स की तैनाती करने, गोल्डल ऑवर में दुर्घटना पीड़ितों को शीघ्र चिकित्सा उपलब्ध कराये जाने के भी निर्देश दिये।

उन्होंने सड़क सुरक्षा हेतु सभी स्कूलों में अनिवार्य रूप से जागरूकता कार्यक्रमों को करने तथा जागरूकता कार्यक्रमों को और विस्तृत रूप से करने के निर्देश भी दिये। चारधाम यात्रा मार्ग पर मेडिकल, शौचालय सीसीटीवी कैमरों की उचित व्यवस्था कराने के भी उन्होंने निर्देश दिये।

### सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम में इससे मिलेगी मदद

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि लोगों की जिन्दगी बचाना हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने सड़क दुर्घटना रोकने के लिए आवश्यक उपाय अपनाने एवं दुर्घटना होने की स्थिति में परिवहन, पुलिस, लोनिवि एवं स्वास्थ्य विभाग को रिस्पांस टाईम न्यूनतम करने हेतु लगातार प्रयास किए जाने के भी निर्देश दिए।

# गंगा में नहा रहे दिल्ली के दो भाई सहित तीन पर्यटक डूबे

**हादसा**

■ रेस्क्यू के दौरान एक युवक का शव हुआ बरामद

**संवाददाता**

ऋषिकेश। जनपद टिहरी गढ़वाल के थाना मुनिकीरेती क्षेत्र में शिवपुरी के समीप मंगलवार की दोपहर गंगा में नहा रहे दिल्ली निवासी दो भाई समेत तीन युवक डूब गए। एक युवक का शव बरामद कर लिया गया है। दो लोग अभी लापता है। जल पुलिस के साथ एसडीआरएफ की टीम गंगा में डूबे युवकों को तलाश रही है।

**आइटीबीपी कैंप के समीप गंगा में नहा रहे थे कुछ पर्यटकः** थाना मुनिकीरेती के प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह ने बताया कि शिवपुरी आइटीबीपी कैंप के समीप मंगलवार की दोपहर करीब 1:15 बजे दिल्ली से आए नौ पर्यटक गंगा में नहा रहे थे। इस बीच दो भाई समेत तीन युवक गंगा में डूब गए।

समीप मौजूद जल पुलिस की टीम को सूचित किया गया। व्यासी चौकी से एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया गया। तत्काल रेस्क्यू कार्य शुरू किया गया। पुलिस के मुताबिक युवकों में दो भाई शुभम और कार्तिक शामिल थे। दोनों गंगा में डूब गए। इनमें शुभम का शव बरामद किया गया है।

पुलिस के मुताबिक शुभम (22 वर्ष) पुत्र मोहनलाल निवासी डी–2, 79ध्80 सेक्टर 11 रोहिणी नई दिल्ली का शव बरामद किया गया है। उसका भाई कार्तिक (20 वर्ष) पुत्र मोहनलाल निवासी सेक्टर 11 रोहिणी नई दिल्ली–85 और साथी दीपांशु (20 वर्ष) पुत्र अजय सिंह निवासी गली नंबर चार हरकुल विहार नजफगढ़ दिल्ली गंगा में लापता है।

**तीन घंटे बाद युवक का शव पास से ही हुआ बरामदः** इसी दौरान सूरज (23 वर्ष) निवासी गुरुरोड, पटेलनगर देहरादून डूब गया। उसके दोस्तों ने शोर भी मचाया, लेकिन तब तक वह लहरों में गुम हो गया। सूचना पर एसडीआरएफ व जल पुलिस मौके पर पहुंची। बताया कि तीन घंटे बाद युवक का शव पास से ही बरामद कर लिया गया।

**दिल्ली से कुल नौ लोग आए यहां घूमने**

दिल्ली से कुल नौ लोग यहां घूमने आए थे। यह सभी लोग यहां कैंप में रुके हुए थे। जिनमें से यह तीनों युवक गंगा में डूब गए। शुभम और कार्तिक का तीसरा भाई भी इनके साथ घूमने आया था, लेकिन वह नहाने नहीं आया, बल्कि कैंप में ही रुका हुआ था।



### लक्ष्य सेन का सम्मान, सीएम धामी ने सौंपा 15 लाख का चेक

**संवाददाता** देहरादून। 73 साल बाद थामस कप जीत देश का गौरव बढ़ाने वाले लक्ष्य सेन को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सम्मानित किया। वहीं इस दौरान मुख्यमंत्री उन्हें 15 लाख का चेक और ट्राफी भी भेंट की। अल्मोड़ा निवासी लक्ष्य सेन थामस कप जीतने के बाद वापस अपने गृह राज्य उत्तराखंड आए हुए हैं। मंगलवार शाम को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लक्ष्य सेन को मंगलवार को ग्राफिक एरा विश्ध्वविद्यालय की ओर से भी सम्मानित किया गया। इस दौरान लक्ष्य के पिता और कोच डीके सेन, ग्राफिक एरा ग्रुप के अध्यक्ष कमल घनशाला, उत्तरांचल स्टेट बैडमिंटन संघ के सचिव बीएस मनकोटी आदि मौजूद रहे।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।